प्रेस नोट -दिनांक 08/11/2023

 अपराधियों एवं तस्करों पर लगातार चल रहा चन्दौली पुलिस का चाबुक

 चन्दौली पुलिस की लगातार कार्रवाई से अवैध शराब, मादक पदार्थ एवं पशु तस्करों की टूट रही कमर

 कोतवाली चन्दौली और स्वाट टीम द्वारा संयुक्त रूप से की जा रही चेकिंग के दौरान 02 गांजा तस्कर गिरफ्तार

 गिरफ्तार तस्करों के पास से 19.5 किग्रा0 गांजा जिसकी अनुमानित की 1.5 लाख बरामद

 भगवानपुर पुलिया के पास से पुलिस टीम को गिरफ्तारी एवं बरामदगी में मिली सफलता

पुलिस अधीक्षक चन्दौली महोदय के निर्देशानुसार जनपद मे अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान एवं अवैध शराब व मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु दिए गए निर्देश के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक सदर चन्दौली, क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन मे दिनांक- 07.11.2023 को कोतवाली चन्दौली पुलिस एवं स्वाट टीम द्वारा संयुक्त रूप से यातायात माह के मद्देनजर थाना क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर वांछित एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहन/वस्तु आदि की चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान भगवानपुर पुलिया पर नवही की तरफ से एक काले रंग की मोटरसाइकिल UP67AF1662 तेज गति से आती दिखायी दी। जिसपर पीछे बैठा व्यक्ति बोरी मे कुछ लिए हुए था। पुलिस को चेकिंग करता देखकर मोटरसाइकिल चालक पीछे मुड़कर भागने को हुआ जिसे करीब 50 मीटर दूरी पर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्तियों के पास से 19.500 किग्रा0 नाजायज गांजा बरामद हुआ। बरादमगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 304/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट बनाम मिथिलेश राम आदि दो नफर पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

बरादमगी का विवरण-

1- 19.500 किग्रा0नाजायज गांजा 2- एक अदद मोटरसाइकिल UP67AF1662

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1- मिथिलेश राम पुत्र शिवधारी राम निवासी ढेढुआ थाना चाँद कैमुर बिहार उम्र 27 वर्ष।

2- पनोज कुमार पुत्र मैनेजर निवासी ढेढुआ थाना चाँद कैमुर बिहार उम्र 22 वर्ष।

गिरफ्तारी टीम का विवरण -

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजीव कुमार सिंह

2. स्वाट प्रभारी – श्री शैलेन्द्र प्रताप सिह्

3. उ0नि0 श्री रावेन्द्र सिह्

4. हे0का0 बन्टी सिह्

5. हे0का0 अमित कुमार सिह्

6. हे0का0 विजेन्द्र कुमार सिह्

7. हे0का0 प्रीतम कुमार

8. हे0का0 राजेश कुमार यादव

9. का0 अरविन्द कुमार

10. का0 शब्बीर अह्मद